

# स्वच्छता की पढ़ाई में सीहोर नपा आई अव्वल

- नपाध्यक्ष व सीएमओ ने किया सफाई मित्रों का सम्मान
- आज नपा द्वारा नगर में निकाली जाएगी आभार रैली

नवभारत न्यूज

**सीहोर, 17 जुलाई. स्वच्छता की पढ़ाई में सीहोर नगर पालिका को इस बार बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. सर्वेक्षण की रिपोर्ट के बाद गुरुवार को सर्वेक्षण की रैंकिंग जारी की गई है उसमें सीहोर ने अलग पहचान बनाई है. सीहोर नपा ने 50 हजार से 3 लाख तक की आबादी वाले कुल 824 निकायों में देश में 6वां स्थान हासिल किया है. यह एक बड़ी उपलब्धि है. वहीं प्रदेश के कुल 56 निकायों में सीहोर ने 7वां स्थान हासिल किया है.**

इस उपलब्धि के बाद नपा में जोरदार जश्न मनाया गया. नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ सुधीर कुमार सहित सभी पार्षदों ने सफाई दरोगा और कचरा गाड़ी चलाने वाले चालकों को सम्मानित किया. इसके बाद नगर पालिका के बाहर अध्यक्ष सहित सभी पार्षद और नपा स्टाफ ने जश्न मनाते हुए ढोल पर बजाते हुए जमकर डांस किया. नपा की इस उपलब्धि से पूरे शहर में उत्सव का माहौल है. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि देश के 824 निकायों में 6वां स्थान प्राप्त करना हमारी बड़ी उपलब्धि है. जिन सफाई मित्रों के कारण हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा. शुक्रवार को आभार रैली निकाली जाएगी. जिसमें हर चौराहे पर आतिशबाजी चलाने के साथ मिठाई वितरण होगा, क्योंकि शहरवासियों की भागीदारी से ही यह उपलब्धि हासिल हुई है. इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी लंबे समय तक चली. स्वच्छता की परीक्षा पूरे एक साल लेट हो गई। जिसका असर यह रहा कि हमें तैयारी के लिए अतिरिक्त समय मिल गया.

## बुधनी व शाहगंज नपा को राष्ट्रपति से मिला पुरस्कार

**बुधनी/शाहगंज.** प्रदेश ने एक बार फिर स्वच्छता के क्षेत्र में देश भर में अपनी विशेष पहचान बनाई है. गुरुवार को दिल्ली में आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के राष्ट्रीय समारोह में जिले की दो नगर परिषदों बुधनी और शाहगंज को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया. 15 हजार से अधिक जनसंख्या वाले नगरीय निकायों की श्रेणी में बुधनी नगर परिषद को देश में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया. कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता मालवीय, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अर्जुन मालवीय को ट्रॉफी ओर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. बुधनी में कबाड़ से जुगाड़ कर बनाया गया वेस्ट वंडर पार्क इस उपलब्धि का मुख्य केंद्र रहा, जिसने स्वच्छता को एक रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया.

## भट्टी में बन रही 115 लीटर अवैध शराब जब्त की

**सारंगपुर 17 जुलाई.** आबकारी विभाग ने पचोर क्षेत्र में गश्त कार्य करते हुए मदिरा बिक्री एवं संग्रहण से सम्बंधित संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अन्तर्गत 05 प्रकरण कायम किए7 उक्त प्रकरण में 115 लीटर हाथ भट्टी मदिरा कुल मूल्य 23000 रुपए जप्त की गई 7 उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक अंकित चौहान एवं आरक्षक शिवम पचाई, रत्नेश परिहार, दिव्यवंशी ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया आगे श्री कनासे ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी.आबकारी आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों के तारतम्य में अवैध मदिरा विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु विशेष अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही की गई.

# सोशल मीडिया से बर्बाद हो रही बच्चों की जिंदगी

### नशामुक्ति अभियान के तहत व्याख्यान में एसडीओपी ने बताए मोबाइल फोन से होने वाले नुकसान

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 17 जुलाई. पुलिस प्रशासन द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत लगातार चल रही जागरूकता मुहिम में शुक्रवार को एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव के द्वारा नगर की प्रमुख शैक्षणिक संस्था सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं जीवनशैली में सुधार विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आज मोबाइल का उपयोग भी नशे से कम नहीं, रील लाइफ ने रीयल लाइफ को खत्म कर दिया है.**



आज बच्चों में प्रतिस्पर्धा कम हो रही है क्योंकि सोशल मीडिया से जिंदगी बेकार हो रही है. मात्र दो प्रतिशत बच्चे ही अपने भविष्य के प्रति गंभीर है और अपने लक्ष्य को हासिल करके समाज , देश मे परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं. मोबाइल की लत दिनचर्या पर भारी है. जिंदगी मुश्किल से मिलती है , जिसे नशे से बर्बाद नहीं करना चाहिए. सिगरेट - गुटके से शुरू होकर युवा धीरे -धीरे अन्य मादक पदार्थो का सेवक करने लगते हैं. जिंदगी यहीं से यूटर्न लेते हुए घातक सफर पर निकल जाती है. जिसका अंत जिंदगी की बर्बादी से होता है.

नशेबाज को परिवार एवं समाज में कोई इज्जत नहीं मिलती ओर वो तिरस्कार का पात्र बन जाता है. सम्मानजनक जिंदगी के लिए हरेक प्रकार के नशे से बचना चाहिए.

अंत में नशे से बर्बाद होती जिंदगियां लघु फ़िल्म प्रदर्शित की गई. फ़िल्म के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव से बर्बाद होती जिंदगी और बचाव के उपाय का संदेश दिया गया . अंत में एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव , थानाप्रभारी राजीव उइके एवं प्राचार्य बृजेश सिंह चौहान की संयुक्त अगुवाई में सभी विद्यार्थियों एवं टीचर्स को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई .




# विधायक व नपा अध्यक्ष ने किया 11 लाख की सड़कों का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 17 जुलाई.** पुरानी इटारसी में 11-11 लाख रुपए की लागत से दो सड़कों का निर्माण होगा। आज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने इन रोड निर्माण के लिए वार्ड 2 शुक्ला टॉवर के पास जमानी रोड में भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री मुकेश मैना, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष जय किशोर चौधरी, भाजपा के पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, नगर मंडल इटारसी अध्यक्ष राहुल चौरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश में पहले स्थान पर रही खुरई नपा

### ऑनलाइन रैकिंग में 50 हजार से 1 लाख जनसंख्या वाली नपा में देश में 7 वें स्थान पर

नवभारत न्यूज

**खुरई, 17 जुलाई. भारत सरकार के केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा कराए गए ताजा स्वच्छ सर्वेक्षण में 50 हजार से एक लाख तक की जनसंख्या वाली कैटेगरी में खुरई नगरपालिका को प्रदेश में नंबर वन तथा देश में 7 वां स्थान प्राप्त हुआ है.**

इस उपलब्धि पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के सागर बामोरा कार्यालय में आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण के साथ खुशी मना कर उन्हें बधाई दी. ताजा स्वच्छ सर्वेक्षण के आज घोषित परिणामों में खुरई नगर पालिका ने उक्त दो कैटेगरी के अलावा और भी उपलब्धियां हासिल की हैं.



> पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि खुरई ने अपनी एकता और समवेत प्रयासों से यह लगातार सिद्ध किया है कि यदि पवित्र उद्देश्य के लिए संकल्प किया जाए तो उसे पूरा होने में ईश्वर और प्रकृति भी सहयोग करने लगते हैं. उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त किया है.

# मकान का काम कर रहे चार मजदूर गिरने से घायल

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़, 17 जुलाई. शहर के चकरा रोड स्थित पुराने भाजपा कार्यालय के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में बुधवार को हादसा हो गया। शाम करीब 6 बजे बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर प्लास्टर का काम कर रहे चार मजदूर नीचे गिर गए। जिसमें सभी मजदूर घायल हुए है। घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।**

कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए हादसे में घायल मजदूरों की पहचान मुन्ना अहिरवार और महेश अहिरवार दोनों श्रीनगर निवासी, मुन्ना कुशवाहा मऊ घाट निवासी के रूप में हुई है। एक अन्य मजदूर भी घायल हुआ है।जानकारी के अनुसार मजदूर प्लास्टर के काम के लिए लगाए गए बांस पर खड़े थे। अचानक बांस टूट गया और सभी मजदूर नीचे गिर गए। घायल मजदूरों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां उनका इलाज जारी है।

कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी ने बताया कि चकरा रोड पर एक चार मंजिला इमारत का निर्माण चल रहा है। पुलिस आगे की कार्यवाही करने में जुटी हुई है। बाहरी हिस्से में प्लास्टर हो रहा है। बिल्डिंग के सामने वाले हिस्से में प्लास्टर के लिए बांस का पाड बनाया गया है।

# कंटेनर ने बस को टक्कर मारी, 1 की मौत, 17 घायल

### स्पीड ब्रेकर पर कंटेनर ने बस को टक्कर मारी, 5 यात्री गंभीर घायल, घायलों में आउटसोर्स कर्मचारी शामिल

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा, 16 जुलाई. गुरुवार की प्रात: राजगढ़ रोड पर बामलाबे जोड़ के यहां तेज रफ्तार कंटेनर ने एक यात्री बस को पीछे से जोर की टक्कर मार दी. टक्कर के बाद पलटी खा गई. हादसे में बस के चालक का प्राणांत हो गया जबकि 17 यात्री घायल हो गये इनमें 5 को गंभीर चोट आने पर राजगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर किया गया.**

पुलिस के अनुसार सांई कृपा ट्रेवल्स की यात्री बस राजगढ़ से ब्यावरा की ओर आ रही थी कि प्रात: करीब 10 बजे बामलाबे जोड़ के यहां यह हादसा हो गया. जैसे ही स्पीड ब्रेकर के यहां बस की गति धीमे हुई पीछे से तेज रफ्तार आ रहे कंटेनर क्रमांक एच.आर.56 बी 3413 ने बस को जोर की टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही बस उछलते हुए पलटी खा गई.

घटना की जानकारी लगते ही सिविल अस्पताल प्रबंधन सतर्क हो गया. घायलों के अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सक, कर्मचारी उपचार में जुट गये. बड़ी संख्या में परिजन, नागरिक भी अस्पताल पहुंचे तथा घायलों की देखरेख में जुट गये.पुलिस के अनुसार बस को टक्कर मारने वाले कंटेनर को जप्त कर लिया गया है. चालक कंटेनर छोड़ भाग निकला. पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है.



### राज्यमंत्री, कलेक्टर, एसपी ने जानी घायलों की कुशलक्षेम

घटना की जानकारी लगते ही राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सिविल अस्पताल पहुंचे. बस चालक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए घायलों की कुशलक्षेम जानी. श्री पंवार ने चिकित्सकों से चर्चा कर घायलों की स्थिति की बारे में जानकारी ली. एसडीएम श्रीमती गीतांजली शर्मा, एसडीओपी प्रकाश शर्मा, सिटी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह धाकड़, देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, जनप्रतिनिधि, पुलिस- प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल एवं सिविल अस्पताल पहुंचे. कुछ गंभीर घायल यात्रियों को राजगढ़ रेफर किया गया.

# मंत्री जी कब मिलेगी खाद, सुबह से लगे कतार में

### केंद्रीय मंत्री के गृह जिले में इस तरह के हैं हालात

नवभारत न्यूज

**विदिशा, 17 जुलाई, जिले के किसानों को खरीफ फसलों के लिए खाद की जरूरत है। लेकिन कई किसानों को अपनी जरूरत का खाद लेने में काफी परेशानी हो रही है. गुरुवार को ग्राम पंचायत खामखेड़ा में कई किसानों ने खाद को लेकर प्रदर्शन किया.**



इस दौरान सोसायटी पर काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।. खरीफ की फसल का समय चल रहा है. सोयाबीन और धान की फसल खेतों में लग चुकी है , ऐसे में किसानों को अपनी फसल में डालने के लिए खाद और यूरिया की आवश्यकता है. वहीं विदिशा में खाद वितरण केन्द्रों पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है . खाद के लिए किसान सुबह से ही परेशान हो रहे हैं ,ऊपर से बारिश का मौसम है तो लोगों को परेशानी और अधिक सामना करना पड़ रहा है .

इस संबंध में किसान गोपाल सिंह दांगी जो की जमाल दी के रहने वाले हैं उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से टोकन देने का बोला गया था. लेकिन 15 मिनट में ही टोकन खत्म हो गए.

> हमें बताया गया कि टोकन खत्म हो गए हैं . एक व्यक्ति को मात्र चार बोरी ही खाद उपलब्ध हो पा रही है ऐसे में किसान अपनी फसलों में पर्याप्त मात्रा में खाद कहां से लाएं . वही ढोल खेड़ी के किसान सुनील शर्मा ने बताया कि मैं सुबह 7 से लाइन में लगा हूं और अब जाकर टोकन प्राप्त हुआ है . लगभग 300 से 400 किसान यहां पर पहुंचे हैं .लेकिन सभी को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है . खाद नहीं मिलने से प्रदर्शन करने के दौरान सुनील शर्मा ,गोपाल सिंह दांगी, प्रशांत चौबे सहित कई किसान मौजूद थे .

# सांदीपनि विद्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 17 जुलाई. मप्र पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत गुरुवार को सांदीपनि विद्यालय घोड़ाडोंगरी में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में थाना प्रभारी आम्रपाली दहात, हेड कांस्टेबल रमेश टेकाम द्वारा लगभग 400 छात्र, छात्राओं को नशा मुक्ति पर समझाइश देते हुए नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत लघु फिल्म दिखाई गई। थाना प्रभारी श्री आम्रपाली दहात ने छात्रों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो व्यक्ति, परिवार और समाज को गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। उन्होंने नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश स्लोगन के माध्यम से कहा कि किसी भी चीज का नशा न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालता है, बल्कि अपराधों में वृद्धि का भी एक प्रमुख कारण है। इस गंभीर समस्या से समाधान और एक स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए नशे से दूरी जरूरी है.

## एक नजर में



### एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों ने रोपे पौधे

**बम्होरी, 17 जुलाई.** बिशप क्लेमेंस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कुंडली बम्होरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस आयोजन में स्कूल के प्राचार्य फादर अखिल, स्कूल मैनेजर फादर डोमिनिक, स्काउट मास्टर एवं सभी स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने मिलकर सहभागिता की. इस अवसर पर छात्रों ने अपनी मां के सम्मान में एक-एक पौधा लगाकर मातृप्रेम और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया. पौधारोपण के दौरान पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास और भावनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ.

### ड्रम में रखी 65 लीटर कच्ची शराब बरामद

**मुलताई.** क्षेत्र में बिक रही कच्ची शराब पर शिंकजा कसते हुए मुलताई एवं मासोद पुलिस द्वारा एक ग्रामीण के कब्जे से 65 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। मासोद चौकी प्रभारी वंशज श्रीवास्तव ने बताया पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निर्देश दिए थे।गुरुवार को मुखबिर सूचना मिलने पर होने पर मासोद पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक वंशज श्रीवास्तव,प्रधान आरक्षक आलोक पटेल, रामकृष्ण सिल्लारे, आरक्षक मेहमान शाह एवं शिवराम परते द्वारा बाजार चौक मासोद में दबिश दी गई।



### महिला आश्रम में सिलाई-बुनाई प्रशिक्षण केंद्र शुरु

**सागर.** विधायक शैलेंद्र जैन ने बरियाघाट वार्ड स्थित जैन महिलाश्रम में अध्ययनरत बच्चियों एवं स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई बुनाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल तिवारी थे. विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि वर्तमान समय में जीविकोपार्जन के लिए किसी न किसी हुनर का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति को शासकीय नौकरी मिले यह संभव नहीं है. उन्होंने बताया कि वह किस तरह से शारीरिक श्रम करते थे, पत्थर तोड़ते थे. कार्यक्रम को संस्था अध्यक्ष कैलाश सिंघई ने भी संबोधित किया. संचालन डा ममता सिंह ने किया एवं आभार अनिल सेन ने माना. कार्यक्रम में सुरेश जैन,संतोष जैन, प्रो.सुबोध जैन, राकेश जैन, डीके जैन, प्रतिभा तिवारी, मुन्नालाल जैन मौजूद थे.

### नशामुक्ति के लिए बच्चों को दिखाई फिल्म

**सीहोर.** एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं एएसपी सुनीता रावत के निर्देशन में सीएसपी डॉ.अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना स्टॉफ द्वारा सत्य साई विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी व व्यापक जन संवाद किया गया. छात्रों, शिक्षकगणों, को नशा न करने से प्रोत्साहित करने हेतु शपथ दिलवाई गई कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली रवीन्द्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत सहित थाना स्टॉफ, सत्य साई यूनिवर्सिटी से डॉ. गार्गी सिंह, डॉ.सुजन थॉमस, डॉ. अनीश, योगेन्द्र त्यागी व छात्र-छात्राए उपस्थित थे.

## कार्यशाला | जिले में दो फ्लाईओवर, रिंग रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग का हो रहा विस्तार

# ‘एक जिला एक उत्पाद’ निर्यात उन्मुख कार्यशाला संपन्न

नवभारत न्यूज

**गुना, 17 जुलाई. गुना जिले में बुधवार को मध्यप्रदेश शासन की एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत निर्यात प्रोत्साहन पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**



यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से होटल प्ले, गुना में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 200 से अधिक उद्यमियों, कारीगरों, विशेषज्ञों और अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पांडेय और डिप्टी कलेक्टर मंजुषा खत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंचासीन अधिकारियों ने संयुक्त रूप से योजना की भूमिका और उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि गुना जिले को ‘लोकल से ग्लोबल’ की दिशा में ले जाना हमारा संकल्प है। उन्होंने बताया कि जिले में गुलाब और धनिया जैसे पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं। साथ ही ‘मिशन 2047’ के अंतर्गत एक एकड़ भूमि से 12 लाख रुपये वार्षिक आय का मॉडल जिले में लागू किया जा रहा है, जिससे कृषकों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। कलेक्टर ने जिले में औद्योगिक आधारभूत संरचना से जुड़े विकास कार्यों की जानकारी भी दी।